।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग,गोपेश्वर।।

Email-dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in Phone no-01372–252175

पत्रांक 4957/12-1 ,गोपेश्वर, दिनांक 04/05/ 2022।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
थराली।

विषयः– सिमली से नाखोली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.632 है0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

महोदय,

उपरोक्त विषयक मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है प्रस्ताव का ऑन लाईन अवलोकन करने पर प्रस्ताव में निम्न कमियां पायी गयीः–

1– आप द्वारा वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का नाम सिमली से नाखोली मोटर मार्ग तक के निर्माण हेतु प्रस्ताव गठित किया गया है परन्तु आप द्वारा वन भूमि का औचित्य प्रमाण पत्र एवं ऑनलाईन के0एम0एल0 फाईल में मोटर मार्ग का आरम्भ बिन्दु पूर्व में निर्मित पी0एम0जी0एस0वाई0 मोटर मार्ग नारायणबगड़ परखाल सणकोट मोटर मार्ग के किमी0 5 से प्रारम्भ होगा तथा ग्राम नाखोली पर समाप्त होगा। जो सिमली गांव को भी लांभान्वित नही कर रहा है जबकि आप द्वारा सिमली गांव को भी लाभान्वित गांव में दशार्या गया है। आप द्वारा गठित प्रस्ताव से भ्रामात्मक स्थित उत्पन्न हो रही है। अतः आपसे अनुरोध है कि वन भूमि का प्रस्ताव में नारायणबगड़ परखाल सणकोट मोटर मार्ग के किमी0 5 से आरम्भ होकर ग्राम नाखोली तक मोटर मार्ग के नाम से प्रस्ताव बनाकर इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करे। आप द्वारा अपलोड किये गये मोटर मार्ग के समरेखण एवं लाभांन्वित गांव निम्नानुसार दशार्या गया है। जबकि सिमली गांव पूर्व में ही परखाल सणकोट मोटर मार्ग से जुड़ा हुआ है।



2– ऑनलाईन अपलोड डिजिटल मैप में अधिशासी अभियन्ता के बिना हस्ताक्षर के अपलोड किया गया है।

3– प्रस्तावित मोटर मार्ग का राष्टीय पार्क से हवाई दूरी प्रमाण पत्र मुख्य वन संरक्षक, आई0टी0सैल देहरादून द्वारा प्रदान की जाती है आपके द्वारा उक्त प्रमाण पत्र ऑनलाईन अपलोड नही की गयी है।

अतः प्रस्ताव इस आशय से लौटाया जा रहा है कि उपरोक्त कमियो के निराकरण एवं इसके अतिरिक्त वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव निर्माण मार्ग दर्शिका के अनुसार प्रस्ताव तैयार करते हुए प्रपत्र में प्रारूप सं0 भी अंकित कर प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करे। ताकि प्रकरण में वन भूमि हस्तान्तरण स्वीकृति हेतु प्रस्ताव उच्च स्तर को प्रेषित की जा सके।

संलग्नकः– प्रस्ताव की प्रतियां।

भवदीय,

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर
(चमोली)

प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

Scanned with CamScanner